नईदुनिया

भोपाल, 24 अगस्त 2026

# भोले बाबा को अर्पित किए रक्षासूत्र, किया अभिषेक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सावन मास के अवसर पर बजरंग सेना समिति की ओर से भगवान शिव को रक्षासूत्र अर्पित कर आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान शिवरक्षास्तोत्र का पाठ किया गया। बच्चों ने गुलाल और अबीर से भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके बाद भगवान शिव की आरती कर हरि ओम नमः शिवाय का जाप किया गया।

कार्यक्रम में बजरंग सेना समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी, समाजसेवी महेश खटवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, महासचिव गुरदास रामचंदानी, सचिव राज कुमार धानुक सहित समिति के सदस्य और श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन में बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## जल-ताप विद्युत गृहों की कार्यप्रणाली अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी

**नप्र, भोपालः** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड अपने सभी जल एवं ताप विद्युत गृहों की कार्यप्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसी उद्देश्य से जबलपुर के नयागांव स्थित मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय आईएसओ कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विद्युत गृहों के 15 अभियंताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में आईएसओ के मूल सिद्धांतों, उनके लाभ और प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। साथ ही सभी विद्युत गृहों के लिए आईएसओ रोडमैप तैयार करने तथा विभिन्न मानकों को एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के रूप में लागू करने पर चर्चा हुई। अभियंताओं को दस्तावेजीकरण, प्रक्रियाओं के मानकीकरण, अनुपालन, आंतरिक ऑडिट और निरंतर सुधार की प्रक्रिया समझाई गई।

# सावन के रंगों में सजा हरियाली तीज उत्सव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** महामाया गार्डन, मिसरोद रोड पर 23 अगस्त को मनीषा पवार द्वारा हरियाली तीज एवं सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 40 महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

इस दौरान महिलाओं ने ग्रुप डांस, सोलो डांस और गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। फिल्मी गीतों पर महिलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में खूब रंग जमाया। तंबोला सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सावन के पारंपरिक माहौल में महिलाओं ने झूला झूलकर हरियाली तीज का आनंद लिया। गीत-संगीत, नृत्य और खेलों के बीच सभी ने दिल खोलकर मस्ती की। उत्साह और उमंग से भरा यह आयोजन महिलाओं के लिए यादगार बन गया।

## गरीबों की सेवा और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रहेगा लायंस का नया कार्यकाल




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी-2 की नई कैबिनेट का स्थापना समारोह रविवार को होटल आमेर ग्रीन में हुआ। मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल के वाइस प्रेसिडेंट लॉयन जीसी रॉबर्ट और संस्थापन अधिकारी पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर राजू मनवानी रहे।

एमजेएफ लायन महेश मालवीय के नेतृत्व में नई कैबिनेट के पदाधिकारियों ने सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की शपथ ली। कार्यक्रम में इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन कुलभूषण मित्तल, मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन एमजेएफ लायन मनीष शाह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। टीम ने जरूरतमंदों, गरीबों और पीड़ित मानवता की सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा, डायबिटीज नियंत्रण और नेत्र परीक्षण जैसी सेवाएं भी संचालित करती है।

समारोह में विभिन्न शहरों से आए 750 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर महेश मालवीय ने बताया कि अगस्त और सितंबर में बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

## ट्रीसा-गायत्री ने विश्व चैंपियनशिप में रचा इतिहास, खंडेलवाल ने दी बधाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में महिला युगल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को बधाई दी है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि ने देश का गौरव बढ़ाया है।

खंडेलवाल ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन, प्रतिभा, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के दम पर विश्वस्तरीय मंच पर भारत का मान बढ़ाया। विश्व चैंपियनशिप की महिला युगल स्पर्धा में 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत को पदक मिलना भारतीय बैडमिंटन के लिए गौरव का क्षण है।

उन्होंने कहा कि ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की सफलता देश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा है। दोनों खिलाड़ियों ने साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों खिलाड़ी भविष्य में भी देश के लिए बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी।

# जाप लिखन भगति समागम में बच्चे हुए पुरस्कृत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** वाहे गुरु जाप लिखन भगति समागम अंतर्गत आज संत बाबा जोगा सिंह गुरुद्वारा पुराना सुभाष नगर में अमृतसर से पधारे संत भाई जगमीत सिंह ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

जाप लिखन प्रतियोगिता में बच्चों को कॉपी पेन देकर वाहे गुरु जप लिखने के लिए दिया गया था,जिसमें बच्चों ने खासा उत्साह दिखाया तथा दो हजार से लेकर छह हजार तक जाप लिखे।इन बच्चों को भाई जगमीत सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कीर्तन कर गुरुवाणी का संदेश दिया और संगत की महिमा बताई। गुरुद्वारा की प्रमुख सेवादार सरबनैन कौर ने बताया कि वार्षिक चालीहा अंतर्गत आज ग्यारहवें पाठ साहिब का समापन हुआ तथा बारहवां पाठ प्रारंभ हुआ जिसकी सेवा राजानी परिवार को मिली।




विधायक भगवानदास सबनानी जी ने सिटी प्रेस क्लब एवं निर्मल फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'सावन संगम समारोह' में सहभागिता की। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय निर्मल केसवानी जी की पुण्यस्मृति में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद जनीश अग्रवाल सहित पत्रकार बंधु, पर्यावरणविद् एवं साहित्यकार उपस्थित रहे।

# शरीर की भी गाड़ी की तरह नियमित सर्विसिंग जरूरीः सिद्धभाऊ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आरोग्य केंद्र में आयोजित 10 दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

अनुभव सत्र में सिद्धभाऊजी ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। जिस तरह वाहन की नियमित सर्विसिंग जरूरी होती है, उसी तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी देखभाल और टॉक्सिन बाहर निकालना आवश्यक है। शिविर में विभिन्न राज्यों से आए 97 साधकों ने अनुभव साझा किए। 13 अगस्त से आयोजित शिविर में योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आहार के माध्यम से मधुमेह, थायराइड, कब्ज, गठिया, उच्च रक्तचाप, मोटापा, माइग्रेन और अस्थमा जैसी समस्याओं पर मार्गदर्शन दिया गया।


